# सालासर वाले ने कमाल कर दिया जो भी आया दर पे मालामाल कर दिया Bhajans Bhakti Songs

सालासर वाले ने कमाल कर दिया,
जो भी आया दर पे मालामाल कर दिया।
मेंहदीपुर वाले ने कमाल कर दिया,
जो भी आया दर पे मालामाल कर दिया॥

दानियो में दानी मेरा सालासर वाला,
बड़ा दिलदार सारे जग का रखवाला।
सुन करके अर्जी सबका काम कर दिया,
जो भी आया दर पे मालामाल कर दिया॥
सालासर वाले ने कमाल कर दिया,
जो भी आया दर पे मालामाल कर दिया॥

दीनो को सहारा देके सुख बरसाता,
जिसका न कोई उसे गले से लगाता।
भगतों का पूरा हर काम कर दिया,
जो भी आया दर पे मालामाल कर दिया॥
सालासर वाले ने कमाल कर दिया,
जो भी आया दर पे मालामाल कर दिया।

मान सम्मान दे, भरे भंडारे,
सालासर बाबा सबकी बिगड़ी सँवारे।
दुष्टो का तो हाल ही बेहाल कर दिया,
जो भी आया दर पे मालामाल कर दिया॥
सालासर वाले ने कमाल कर दिया,
जो भी आया दर पे मालामाल कर दिया।

Source:
https://www.bharattemples.com/salasar-wale-ne-kamal-kar-diya-jo-bhi-aya-dar-pe-mala-maal-kar-diya/

Bharat Temples

Complete Bhajans Collections - Download Free Android App
https://play.google.com/store/apps/details?id=com.numetive.bhajans

Facebook: https://www.facebook.com/bharattemples/
Telegram: https://t.me/bharattemples
Youtube: https://www.youtube.com/channel/UC24oJCxZJyhhKzSUD-Lt9Tw